# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)
Website- msuniversity.ac.in Email ID – nss@msuniversity.ac.in

पत्रांकः 1009 रा0से0यो0 / एम0एस0यू0 / 2022–23 दिनांकः 23/07/22

सेवा में,

पाचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,
सहारनपुर।

**विषयः–'आजादी का अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत "स्वतन्त्रता सप्ताह" तथा "हर घर तिरंगा" के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, लखनऊ के पत्रांक–1989 / सत्तर–3–2022 दिनांक 22 जुलाई, 2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके अन्तर्गत उच्च शिक्षण संस्थानों में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत दिनांक 11 अगस्त से 17 अगस्त, 2022 के मध्य "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम को सफल बनाये जाने के संबंध में बिन्दु निर्धारित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के उक्त पत्र की प्रति संलग्न कर आपको इस आशय से प्रेषित हैं कि पत्र में वर्णित निर्देशो का अनुपालन कराते हुए अनुपालन आख्या कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर को कार्यालय ईमेल nss@msuniversity.ac.in पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे कि शासन को समय से सूचना प्रेषित की जा सके।

सलग्नक– यथोपरि।

भवदीय,

(डॉ0 भूपेन्द्र कुमार)
कार्यक्रम समन्वयक, रा0से0यो0

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–
1. कुलसचिव, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
2. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।

कार्यक्रम समन्वयक, रा0से0यो0

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध
संख्या–1789/सत्तर–3–2022

प्रेषक,

मोनिका एस० गर्ग,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. कुलपति,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

2. निदेशक,
उच्च शिक्षा,
उ0प्र0, प्रयागराज।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 | लखनऊ : दिनांक 22 जुलाई, 2022

**विषयः–"आजादी का अमृत महोत्सव" के अन्तर्गत दिनांक 11 से 17 अगस्त की अवधि को "स्वतंत्रता सप्ताह" के रूप में तथा स्वतंत्रता सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक 13 से 15 अगस्त तक "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम मनाये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक संस्कृति अनुभाग के पत्र संख्या–1348/चार–2022, दिनांक 18 जुलाई, 2022 तथा पत्र संख्या–1344/चार–2022, दिनांक 20 जुलाई, 2022 (छायाप्रति संलग्न) का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से भारतीय स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने के महत्वपूर्ण अवसर पर दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 "स्वतंत्रता सप्ताह एवं दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2022 तक "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाना है।

2– इस सम्बन्ध में उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के पत्र संख्या–1468/सत्तर–3–2022, दिनांक 08 जून, 2022, पत्र संख्या–1895/सत्तर–3–2022, दिनांक 13 जुलाई, 2022 तथा पत्र संख्या–1935/सत्तर–3–2022, दिनांक 15 जुलाई, 2022 द्वारा "आजादी का अमृत महोत्सव"के अन्तर्गत दिनांक 11 अगस्त, 2022 से 17 अगस्त, 2022 तक स्वतंत्रता सप्ताह के मध्य "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम मनाये जाने के सम्बन्ध मे विस्तृत दिशा निर्देश निर्गत किये गये।

3– इसी क्रम में प्रदेश स्थित समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में भारतीय स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने के महत्वपूर्ण अवसर पर **दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 तक "स्वतंत्रता सप्ताह" एवं दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2022 तक "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम** को सफल बनाये जाने हेतु निम्नलिखित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये:–

1. "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2022 तक समस्त सरकारी/गैर सरकारी कार्यालयों, विश्वविद्यालय तथा उच्च शिक्षण संस्थाओं में खादी से निर्मित झण्डा फहराया जायेगा।

2. निदेशालय, विश्वविद्यालय तथा शिक्षण संस्थान अपने वेबसाइट के होम पेज पर "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम की सूचना प्रकाशित की जाये।
3. समस्त कार्यालय, विश्वविद्यालय तथा शिक्षण संस्थानों द्वारा प्रयोग की जाने वाली समस्त स्टेशनरी, लेटर हेड, लिफाफा, निमंत्रण पत्रो आदि में "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2022 अनिवार्य रूप से मुद्रित किया जाये।
4. समस्त प्रकाशित होने वाले विज्ञापनो में आजादी का अमृत महोत्सव एव हर घर तिरंगा कार्यक्रम दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2022 भी अंकित कराया जाये।
5. उच्च शिक्षण संस्थनों में होने वाले कार्यक्रमों के स्थल पर आजादी का अमृत महोत्सव एव हर घर तिरंगा कार्यक्रम के बैनर एवं स्टैण्डी अवश्य लगाये जाये।
6. निदेशालय / कार्यालय / विश्वविद्यालयों तथा उच्च शिक्षण संस्थानों के सूचना प्रकरण / परिसरों में आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम के पोस्टर/बैनर /स्टैण्डी भी लगायी जाये।
7. आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम का लोगों आजादी का अमृत महोत्सव की वेबसाइट amritmahotsav.nic.in पर उपलब्ध है।
8. "हर घर तिरंगा" राष्ट्रीय गौरव का आयोजन है तथा हर भारतवासी को इससे जुड़ना चाहिए। लोगों को प्रोत्साहित किया जाए कि अपने फहराए तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर इसे सोशल मीडिया पर तथा भारत सरकार के https://harghartiranga.com/ पोर्टल पर इसे पोस्ट करें।
9. 11 से 17 अगस्त तक प्रदेश में स्वतंत्रता सप्ताह, राष्ट्रभक्ति के उत्साह, उमंग व उल्लास के साथ आयोजित किया जाये।
10. प्रचार–प्रसार के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों का विशेष रूप से सहयोग लिया जाये।
11. "हर घर तिरंगा" अभियान के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए एन0सी0सी0/एन0एस0एस0 व स्वयंसेवी संगठनों द्वारा तिरंगा यात्राएं निकाली जाएं। उच्च शिक्षण संस्थानों में स्लोगन व निबन्ध प्रतियोगिताएं कराई जाएं। स्वतंत्रता सप्ताह में हर दिन छात्रों की प्रभात फेरी निकाल कर आयोजन के बारे में लोगों को जानकारी दी जाए।
12. स्वतंत्रता दिवस के दिन शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया जाए।
13. यह सुनिश्चित किया जाए कि राष्ट्रध्वज संशोधित झण्डा संहिता, 2021 के अनुसार ही हों। राष्ट्रध्वज हमारी 'अस्मिता' तथा 'आन बान शान' का प्रतीक है। अतः राष्ट्रध्वज संहिता के अनुरूप ध्वजारोपण में नियमों का कड़ाई से अनुपालन किया जाए। लोगों को इन नियमों के बारे में विधिवत अवगत कराया जाना चाहिए।

3– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारतीय स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने के महत्वपूर्ण अवसर पर दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 तक "स्वतंत्रता सप्ताह एवं दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2022 तक "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम सफल बनाये जाने हेतु उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

4– इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया जाता है कि उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0 प्रयागराज की आधिकारिक वेबसाइट http://uphed.gov.in/HigherEduDirectorate/DefaultDir.aspx पर Login- Azadi ka Amrit Mahotsav Password- High@1234 पर अपलोड करते हुए शासन की ई–मेल आई0डी0- hesection.3@gmail.com पर उपलब्ध करायेंगे।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

( मोनिका एस0 गर्ग )
अपर मुख्य सचिव।

**संख्या–1989 (1)/सत्तर–3–2022, तददिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0।
2. निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0।
3. श्री कुमार हर्ष, विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
4. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
5. प्रमुख सचिव, संस्कृति विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
7. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
8. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
9. विशेष कार्यकारी अधिकारी एवं जनसम्पर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
10. संस्कृति अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन।
11. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

( **गिरिजेश कुमार त्यागी** )
विशेष सचिव।

संख्या- 1989 / सत्कर-3-2022

'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम
शीर्ष प्राथमिकता
संख्या- 1344 /चार-2022

प्रेषक,

मुकेश कुमार मेश्राम,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. अपर मुख्य सचिव,
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग/पंचायती राज विभाग/ ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. प्रमुख सचिव,
नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

संस्कृति अनुभाग लखनऊ : दिनांक: 20 जुलाई, 2022

विषय:-'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम हेतु झण्डा तैयार कराये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि शासनादेश दिनांक 01.06.2022 एवं दिनांक 18.07.2022 के द्वारा **'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम** के सफल क्रियान्वयन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश निर्गत किये गये है।

2- भारतीय स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने के महत्वपूर्ण अवसर पर दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 तक **'स्वतंत्रता सप्ताह'** एवं दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2022 तक **'हर घर तिरंगा कार्यक्रम'** का भव्य आयोजन किया जाना है।

3- **'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम** में उत्तर प्रदेश अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन करेगा तथा दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2022 तक प्रदेश के समस्त जनपदों के आवासित घरों/बहुमंजिला आवासीय इमारतों आदि में संशोधित झण्डा संहिता के अनुसार पॉलिस्टर/सूती/खादी/ऊनी कपड़ो से बने निर्धारित आकार (3:2 अनुपात/30" x 20") के मशीन अथवा हस्त निर्मित झण्डो को फहराया जाना है।

4- इसके अतिरिक्त समस्त सरकारी/गैर सरकारी कार्यालयों जैसे :- पुलिस लाइन, पुलिस थाना, पुलिस चौकी, कारागार, कृषि विज्ञान केन्द्र, उद्यान, मत्स्य प्रक्षेत्र, मंडी परिषद्, सहकारी समितियां, पशु चिकित्सालय, राजकीय अतिथि गृह, स्टेडियम, पार्क, चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अमृत सरोवर, पंचायत भवन, विश्वविद्यालय, शिक्षण संस्थान, बस/मेट्रो/रेलवे स्टेशन, जनसुविधा केंद्र, होटल, रेस्टोरेन्ट, सिनेमाहाल, शॉपिंग कांप्लेक्स आदि विभिन्न सरकारी/गैर सरकारी भवनों/परिसरों में खादी से निर्मित झण्डे फहराये जायेंगे।

5– उच्च स्तर पर लिये गये निर्णयानुसार **'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम** हेतु एम.एस.एम.ई. विभाग द्वारा 02 करोड़ झण्डे विभिन्न जनपदों को उपलब्ध कराये जायेंगे, जिसमें से 75 प्रतिशत झण्डे ग्रामीण क्षेत्रों में वितरित किये जायेंगे एवं 25 प्रतिशत झण्डे नगरीय क्षेत्रों में वितरित किये जायेंगे। प्रत्येक जनपद हेतु एम.एस.एम.ई. विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले झण्डो की संख्या एवं जनपद स्तर पर तैयार कराये जाने वाले झण्डो के लक्ष्य की जनपदवार तालिका संलग्न है।

6– **'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम** के प्रभावी समन्वय हेतु झण्डो के उत्पादन/वितरण/फहराने सम्बन्धी अद्यतन प्रगति रिपोर्ट गूगल लिंक **https://bit.ly/HGT2022_statusreport** पर प्रतिदिन सायं 04:00 बजे तक जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी द्वारा अपडेट किया जायेगा।

अतएव अनुरोध है कि **'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम** के सफल क्रियान्वयन हेतु उपरोक्तानुसार समयबद्ध कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

20/07/22

(मुकेश कुमार मेश्राम)
प्रमुख सचिव

**संख्या– 1354/चार–2022 तद्दिनांक।**

**प्रतिलिपि–** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
2. स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3. निदेशक, संस्कृति निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ।
4. निदेशक, पंचायती राज निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ
5. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आनन्द कुमार)
विशेष सचिव

| क्रम संख्या | ज़िले का नाम | आवासित घरों / बहुमंजिला आवासीय भवनों आदि में फहराए जाने वाले कुल झंडों की संख्या (लाख में) | MSME द्वारा जनपदवार उपलब्ध कराये जाने वाले झंडों की संख्या (लाख में) | | | जनपद स्तर पर तैयार किए जाने वाले झंडों का लक्ष्य (लाख में ) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल झंडा | ग्रामीण क्षेत्रों के लिए (75 %) | नगरीय क्षेत्रों के लिए (25 %) | |
| 1 | Agra | 7.53 | 3.523 | 2.642 | 0.881 | 4.00 |
| 2 | Aligarh | 8.10 | 3.791 | 2.843 | 0.948 | 4.31 |
| 3 | Ambedkar Nagar | 4.42 | 2.071 | 1.553 | 0.518 | 2.35 |
| 4 | Amethi (Chatrapati Sahuji Mahraj Nagar) | 4.94 | 2.314 | 1.736 | 0.579 | 2.63 |
| 5 | Amroha (J.P. Nagar) | 4.80 | 2.248 | 1.686 | 0.562 | 2.56 |
| 6 | Auraiya | 2.98 | 1.394 | 1.045 | 0.348 | 1.58 |
| 7 | Azamgarh | 7.98 | 3.736 | 2.802 | 0.934 | 4.25 |
| 8 | Baghpat | 2.52 | 1.179 | 0.884 | 0.295 | 1.34 |
| 9 | Bahraich | 4.25 | 1.987 | 1.490 | 0.497 | 2.26 |
| 10 | Ballia | 6.76 | 3.165 | 2.374 | 0.791 | 3.60 |
| 11 | Balrampur | 4.89 | 2.287 | 1.715 | 0.572 | 2.60 |
| 12 | Banda | 4.84 | 2.265 | 1.699 | 0.566 | 2.57 |
| 13 | Barabanki | 4.95 | 2.316 | 1.737 | 0.579 | 2.63 |
| 14 | Bareilly | 9.08 | 4.250 | 3.188 | 1.063 | 4.83 |
| 15 | Basti | 4.59 | 2.147 | 1.610 | 0.537 | 2.44 |
| 16 | Bhadohi | 4.22 | 1.975 | 1.481 | 0.494 | 2.25 |
| 17 | Bijnor | 8.30 | 3.884 | 2.913 | 0.971 | 4.41 |
| 18 | Budaun | 7.39 | 3.458 | 2.594 | 0.865 | 3.93 |
| 19 | Bulandshahr | 7.05 | 3.300 | 2.475 | 0.825 | 3.75 |
| 20 | Chandauli | 3.56 | 1.667 | 1.250 | 0.417 | 1.89 |
| 21 | Chitrakoot | 2.02 | 0.945 | 0.709 | 0.236 | 1.07 |
| 22 | Deoria | 5.62 | 2.630 | 1.973 | 0.658 | 2.99 |
| 23 | Etah | 3.49 | 1.632 | 1.224 | 0.408 | 1.86 |
| 24 | Etawah | 3.33 | 1.559 | 1.169 | 0.390 | 1.77 |
| 25 | Faizabad | 5.08 | 2.378 | 1.783 | 0.594 | 2.70 |
| 26 | Farrukhabad | 4.77 | 2.232 | 1.674 | 0.558 | 2.54 |
| 27 | Fatehpur | 5.67 | 2.652 | 1.989 | 0.663 | 3.01 |
| 28 | Firozabad | 4.97 | 2.327 | 1.745 | 0.582 | 2.64 |
| 29 | Gautam Buddha Nagar | 3.93 | 1.837 | 1.378 | 0.459 | 2.09 |
| 30 | Ghaziabad | 10.21 | 4.777 | 3.583 | 1.194 | 5.43 |
| 31 | Ghazipur | 7.56 | 3.538 | 2.654 | 0.885 | 4.02 |
| 32 | Gonda | 6.49 | 3.040 | 2.280 | 0.760 | 3.46 |
| 33 | Gorakhpur | 8.32 | 3.892 | 2.919 | 0.973 | 4.42 |
| 34 | Hamirpur | 2.46 | 1.151 | 0.863 | 0.288 | 1.31 |
| 35 | Hapur (Panchsheel Nagar) | 4.77 | 2.234 | 1.675 | 0.558 | 2.54 |
| 36 | Hardoi | 10.97 | 5.132 | 3.849 | 1.283 | 5.83 |
| 37 | Hathras | 3.13 | 1.465 | 1.099 | 0.366 | 1.67 |
| 38 | Jalaun | 5.47 | 2.562 | 1.922 | 0.641 | 2.91 |
| 39 | Jaunpur | 8.96 | 4.194 | 3.146 | 1.049 | 4.77 |
| 40 | Jhansi | 5.43 | 2.543 | 1.907 | 0.636 | 2.89 |
| 41 | Kannauj | 3.37 | 1.578 | 1.183 | 0.394 | 1.79 |
| 42 | Kanpur Dehat | 3.96 | 1.852 | 1.389 | 0.463 | 2.11 |
| 43 | Kanpur Nagar | 10.00 | 4.680 | 3.510 | 1.170 | 5.32 |
| 44 | Kanshiram Nagar (Kasganj) | 2.85 | 1.336 | 1.002 | 0.334 | 1.52 |
| 45 | Kaushambi | 3.33 | 1.560 | 1.170 | 0.390 | 1.77 |
| 46 | Kushinagar (Padrauna) | 6.93 | 3.245 | 2.433 | 0.811 | 3.69 |
| 47 | Lakhimpur - Kheri | 9.58 | 4.484 | 3.363 | 1.121 | 5.10 |

| क्रम संख्या | ज़िले का नाम | आवासित घरों / बहुमंज़िला आवासीय भवनों आदि में फहराए जाने वाले कुल झंडों की संख्या (लाख में) | MSME द्वारा जनपदवार उपलब्ध कराये जाने वाले झंडों की संख्या (लाख में) | | | जनपद स्तर पर तैयार किए जाने वाले झंडों का लक्ष्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल झंडा | ग्रामीण क्षेत्रों के लिए (75 %) | नगरीय क्षेत्रों के लिए (25 %) | |
| 48 | Lalitpur | 4.95 | 2.316 | 1.737 | 0.579 | 2.63 |
| 49 | Lucknow | 10.53 | 4.927 | 3.695 | 1.232 | 5.60 |
| 50 | Maharajganj | 5.12 | 2.396 | 1.797 | 0.599 | 2.72 |
| 51 | Mahoba | 1.90 | 0.890 | 0.667 | 0.222 | 1.01 |
| 52 | Mainpuri | 3.76 | 1.762 | 1.321 | 0.440 | 2.00 |
| 53 | Mathura | 5.08 | 2.376 | 1.782 | 0.594 | 2.70 |
| 54 | Mau | 3.89 | 1.822 | 1.366 | 0.455 | 2.07 |
| 55 | Meerut | 6.95 | 3.252 | 2.439 | 0.813 | 3.70 |
| 56 | Mirzapur | 4.74 | 2.218 | 1.663 | 0.554 | 2.52 |
| 57 | Moradabad | 9.07 | 4.247 | 3.185 | 1.062 | 4.83 |
| 58 | Muzaffarnagar | 8.12 | 3.800 | 2.850 | 0.950 | 4.32 |
| 59 | Pilibhit | 4.35 | 2.036 | 1.527 | 0.509 | 2.31 |
| 60 | Pratapgarh | 6.40 | 2.996 | 2.247 | 0.749 | 3.41 |
| 61 | Prayagraj | 10.28 | 4.811 | 3.608 | 1.203 | 5.47 |
| 62 | RaeBareli | 7.44 | 3.480 | 2.610 | 0.870 | 3.96 |
| 63 | Rampur | 4.72 | 2.211 | 1.658 | 0.553 | 2.51 |
| 64 | Saharanpur | 7.17 | 3.356 | 2.517 | 0.839 | 3.82 |
| 65 | Sambhal (Bhim Nagar) | 4.22 | 1.977 | 1.483 | 0.494 | 2.25 |
| 66 | Sant Kabir Nagar | 3.08 | 1.441 | 1.081 | 0.360 | 1.64 |
| 67 | Shahjahanpur | 2.67 | 1.249 | 0.937 | 0.312 | 1.42 |
| 68 | Shamali (Prabuddh Nagar) | 3.85 | 1.802 | 1.351 | 0.450 | 2.05 |
| 69 | Shravasti | 2.26 | 1.057 | 0.793 | 0.264 | 1.20 |
| 70 | Siddharth Nagar | 4.55 | 2.130 | 1.598 | 0.533 | 2.42 |
| 71 | Sitapur | 9.62 | 4.503 | 3.377 | 1.126 | 5.12 |
| 72 | Sonbhadra | 4.00 | 1.871 | 1.403 | 0.468 | 2.13 |
| 73 | Sultanpur | 7.48 | 3.502 | 2.626 | 0.875 | 3.98 |
| 74 | Unnao | 7.06 | 3.305 | 2.479 | 0.826 | 3.76 |
| 75 | Varanasi | 6.72 | 3.146 | 2.359 | 0.786 | 3.58 |
| | | **425.83** | **199.289** | **149.467** | **49.822** | **226.54** |

| | |
|---|---|
| नोट:<br>सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों जैसे:- पुलिस लाइन, पुलिस थाना, पुलिस चौकी, कारागार, कृषि विज्ञान केंद्र, उद्यान, मत्स्य प्रक्षेत्र, मंडी परिषद, सहकारी समितियां, पशु चिकित्सालय, राजकीय अतिथि गृह, स्टेडियम, पार्क, चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अमृत सरोवर, पंचायत भवन, विश्वविद्यालय, शिक्षण संस्थान, बस/मेट्रो/रेलवे स्टेशन, जनसुविधा केंद्र, होटल, रेस्टोरेंट , सिनेमाहाल, शॉपिंग कांप्लेक्स आदि विभिन्न सरकारी/गैर सरकारी भवनों/परिसरों में :-<br>(इन केंद्रों पर खादी निर्मित झंडे ही फहराए जाएँगे) | 50.00 |
| **कुल संख्या लाख में** | **475.83** |

संख्या 1906 /सात-3-2022

आजादी का अमृत महोत्सव
हर घर तिरंगा कार्यक्रम
संख्या- तिरं०-परि०-2022

प्रेषक,

दुर्गा शंकर मिश्र
मुख्य सचिव,
उ०प्र० शासन।

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, उ०प्र० शासन।
2. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

संस्कृति अनुभाग दिनांक 18 जुलाई, 2022

विषय: हर घर तिरंगा कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के सम्बन्ध में।

संख्या 596 /MAPSHED/2022

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि आगामी 15 अगस्त, 2022 को भारतीय स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस अवसर पर दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 तक 'स्वतंत्रता सप्ताह' एवं दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2022 तक 'हर घर तिरंगा कार्यक्रम' आयोजित किया जाना है। उक्त कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन हेतु व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाना है, जिसके निमित्त निम्नवत् कार्यवाही कराई जानी है:-

1. समस्त विभागों/कार्यालयों, विश्वविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, नगर निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के निगमों, विकास प्राधिकरणों/अकादमियों, संस्थानों, परिषदों आदि की वेबसाइट के होम पेज पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम की सूचना प्रकाशित की जाये।

2. सरकार द्वारा अनुदानित, गैर अनुदानित सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, संस्थाओं एवं निजी संगठनों की वेबसाइट के होम पेज पर भी हर घर तिरंगा कार्यक्रम की सूचना प्रकाशित की जाये।

3. समस्त सरकारी विभागों, कार्यालयों, विश्वविद्यालयों, शिक्षण संस्थानों, नगर निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के निगमों, विकास प्राधिकरणों, अकादमियों, संस्थानों, परिषदों एवं अनुदानित संस्थाओं द्वारा प्रयोग की जाने वाली समस्त स्टेशनरी, लेटर हेड, लिफाफा, निमंत्रण पत्रों आदि में हर घर तिरंगा कार्यक्रम दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2022 अनिवार्य रूप से मुद्रित किया जाये।

4. समस्त प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों में आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2022 भी अंकित कराया जाये।

5. आयोजित होने वाले समस्त सरकारी, गैर सरकारी, निजी संगठनों के कार्यक्रमों के स्थल पर आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम के बैनर एवं स्टैण्डी अवश्य लगाये जायें।

(मोनिका एस० गर्ग)
अपर मुख्य सचिव,
माध्यमिक शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

6. समस्त विभागों / कार्यालयों / विश्वविद्यालयों / शिक्षण संस्थानों / [illegible] संस्थानों / परिषदों एवं निकायों / सार्वजनिक क्षेत्र के निगमों / विकास प्राधिकरणों / अकादमियों / संस्थानों / परिषदों एवं अनुदानित संस्थाओं के सूचना पटल / परिसरों में आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम के पोस्टर / बैनर / स्टैण्डी भी लगायी जाये।

7. आजादी का अमृत महोत्सव एवं घर तिरंगा कार्यक्रम का लोगो आजादी का अमृत महोत्सव की वेबसाइट amritmahotsav.nic.in पर उपलब्ध है, जिसकी प्रति सुलभ सन्दर्भ हेतु संलग्न है।

8. अतएव अनुरोध है कि कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही शीर्ष प्राथमिकता पर कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(दुर्गा शंकर मिश्र)
मुख्य सचिव

संख्या– 13[illegible] / चार–2022, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1. अपर मुख्य सचिव, मा0 राज्यपाल, उत्तर प्रदेश।
2. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
3. समस्त विभागाध्यक्ष, उ0प्र0।

(मुकेश कुमार मेश्राम)
प्रमुख सचिव